कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकरकन्यास्नातकोत्तरमहाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोडदुर्ग (छ.ग.)

पूर्वनाम–शासकीय कन्यामहाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in

College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 20.12.2024

//प्रेस विज्ञप्ति//

13 दिसम्बर 2024 को छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन के सफलतापूर्वक 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में विविध कार्यक्रम दिनांक 09 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक आयोजित किए गए। इस तारतम्य में दिनांक 14 दिसम्बर को 'सुशासन सायकल रैली' का आयोजन किया गया। एवं दिनांक 16 दिसम्बर को 'स्लोगन' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

'स्लोगन' प्रतियोगिता का विषय था–'छ.ग. सरकार का सुशासन'। स्लोगन प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 35 छात्राओं ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया। स्लोगन प्रतियोगिता में बी.ए.प्रथम सेमेस्टर की छात्रा कु. मेघा साहू ने प्रथम स्थान तथा बी.कॉम प्रथम सेमेस्टर की छात्रा कु. ए.दीपांजली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी तारतम्य में दिनांक 17 दिसम्बर को वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में छात्राएँ उपस्थित थी। वाद–विवाद प्रतियोगिता का विषय था–छ.ग. सरकार की 'महतारी वंदन योजना'। इस प्रतियोगिता में पक्ष पर विचार रखते हुए बी.ए.प्रथम सेमेस्टर की छात्रा कु. सुमन साहू ने प्रथम स्थान तथा बी.ए.प्रथम सेमेस्टर की ही कु. सोनम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं विषय के विपक्ष पर अपने विचार रखते हुए बी.कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा कु. आर्या अवस्थी ने प्रथम स्थान एवं बी.ए.तृतीय वर्ष की छात्रा कु. गीतू यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इस आयोजन पर दिनांक 20 दिसम्बर को कन्या महाविद्यालय में 'छ.ग. सरकार का सुशासन' शीर्षक से नुक्कड़ नाटक का मंचन राष्ट्रीय योजना (NSS) के तत्वावधान में किया गया। जिसमें छ.ग. सरकार द्वारा वर्ष भर में सफलतापूर्वक क्रियान्वित की गई विभिन्न योजनाओं को उजागर कर प्रदेश की जनता को उन योजनाओं से क्या, कैसा और कितना लाभ प्राप्त हो रहा है यह प्रभावपूर्ण ढंग से मंचित किया गया। नुक्कड़ नाटक में–कु. लक्ष्मी साहू, विभा साहू, तृप्ति साहू, मोनिका निर्मलकर, पूनम निर्मलकर, एवं कुमकुम चतुर्वेदी (सभी–बी.एस–सी प्रथम सेमेस्टर) ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। नाटक का निर्देशन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव विभाागाध्यक्ष हिन्दी (संयोजक एन.एस.एस.) एवं डॉ. सुषमा यादव विभागाध्यक्ष भूगोल (संयोजक एन.एस.एस.) ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी. सी. अग्रवाल जी ने अपने उद्बोधन द्वारा छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ. मिलिन्द अमृतफले विभागाध्यक्ष संगीत, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव विभाागाध्यक्ष हिन्दी, डॉ. सुषमा यादव विभागाध्यक्ष भूगोल, डॉ. मोनिया राकेश सिंह, विभाागाध्यक्ष समाजशास्त्र, डॉ. रेश्मा लाकेश सहायक प्राध्यापक गृहविज्ञान, श्रीमती ज्योति भरणे सहायक प्राध्यापक हिन्दी, डॉ. आरती राठौर सहायक प्राध्यापक हिन्दी, कु. मधु पाण्डेय सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी, कु. डिम्पल साहू, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, कु. शीतल गुप्ता सहायक प्राध्यापक वाणिज्य इत्यादि प्राध्यापक एवं भारी संख्या में छात्राएँ उपस्थित थी।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 डी. सी. अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

दुर्ग, दिनांक : 20.12.2024

//प्रेस विज्ञप्ति//

नुक्कड़ नाटक

वाद–विवाद प्रतियोगिता

सायकल रैली

स्लोगन प्रतियोगिता